आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार द्वारा मण्डी मध्यस्थता योजना के तहत अब तक 8 हज़ार मीट्रिक टन से अधिक सेब की खरीद की गई है और 17 हज़ार से अधिक बागवान एच.पी.एम.आई.एस. पोर्टल पर पंजीकरण करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि एच.पी. एम.आई.एस. पोर्टल से सेब की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने बागवानों के हितों की रक्षा और राज्य की बागवानी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने को विशेष प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एम.आई.एस. के माध्यम से खरीदे गए सेब के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में भी मदद मिलेगी। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस वर्ष एक अगस्त से 2 सौ 13 सेब संग्रहण केन्द्रों पर खरीद प्रक्रिया जारी है और ये केन्द्र एच.पी.एम.सी. व हिमफैड द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। सेब खरीद प्रक्रिया 31 अक्तूबर तक जारी रहेगी।

बधाई

रक्षा मंत्रालय ने हमीरपुर के राजकीय पॉलिटैक्निक कॉलेज बडू के छात्र सर्वेश शर्मा को भारतीय सेना के लिए स्वदेशी रूद्रा एज. टी. वन स्पेक्ट्रा ड्रोन विकसित करने के लिए साढ़े 3 करोड़ रूपए की अनुदान राशि प्रदान की है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सर्वेश शर्मा को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा है कि उनका ये नवाचार प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा व तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सर्वेश शर्मा द्वारा तैयार ड्रोन सीमा पर निगरानी में मददगार साबित होगा। धर्माणी ने कहा कि राज्य सरकार युवा नेतृत्व वाले विकास को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है और युवा अब अपने सपनों को आत्मविश्वास के साथ साकार कर रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा सर्वेश शर्मा की इस उपलब्धि से प्रेरणा लेकर नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

मजदूर संघ

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों को अगस्त माह का वेतन सितम्बर की 24 तारीख तक भी न मिलने के विरोध में कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मोर्चा खोल दिया है। भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मदन राणा ने बताया कि निगम के एक हज़ार नियमित, 70 डेली वेज और 5 सौ आउटसोर्स कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। उन्होंने इसके लिए निगम प्रबंधन व पर्यटन निगम के अध्यक्ष को ज़िम्मेदार ठहराया है और कर्मचारियों का वेतन जल्द जारी करने की मांग की है।

## सुमीत शर्मा

प्रदेश भाजपा सचिव सुमीत शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार की वित्तीय नीतियों पर सवाल उठाए हैं। ऊना में आज उन्होंने कहा कि सुखविन्द्र सिंह सुक्खू हिमाचल के इतिहास में सबसे अधिक कर्ज लेने वाले और वित्तीय कुप्रबंधन वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुमीत शर्मा ने कहा कि 31 जनवरी 2026 तक बकाया ऋण एक लाख करोड़ से अधिक पहुंच चुका था जो अब एक लाख 10 हज़ार करोड़ पार कर चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में विधानसभा में जानकारी दी है कि पिछले तीन वर्षों में उनकी सरकार ने 35 हज़ार 5 सौ 55 करोड़ का नया ऋण उठाया है और ये आंकड़े प्रदेश की आर्थिक स्थिति की गंभीर तस्वीर प्रस्तुत करते हैं।

## पर्यटन

कांगड़ा ज़िले में पर्यटन कारोबार ने इस वर्ष फिर से रफ्तार पकड़ ली है। ज़िला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और बीते अगस्त माह तक करीब 7 लाख पर्यटक कांगड़ा ज़िले के पर्यटन स्थलों में पहुंचे। विनय धीमान ने बताया कि मौजूदा पर्यटन गतिविधियों को देखते हुए इस वर्ष के अंत तक ज़िले में 9 लाख से अधिक पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है जिससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को लाभ होगा।

## नीट पीजी परिणाम

राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नीट पी.जी. –2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अनुसार, कुल 2 लाख 65 हजार 9 सौ 60 अभ्यर्थियों ने ये परीक्षा दी थी। बोर्ड ने बताया कि अभ्यर्थी पहली अक्टूबर या उसके बाद आधिकारिक वेबसाइट से अपना स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

---